राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, नराकास राजभाषा सम्मान पुरस्कार एवं सर्वश्रेष्ठ नराकास सम्मान पुरस्कार-2025

कोंकण रेलवे द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर 'ख' क्षेत्र के उपक्रमों की श्रेणी के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिनांक 14 सितंबर, 2025 को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित 'हिंदी दिवस एवं पांचवे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन' में मा. केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी तथा राज्य सभा सांसद श्री दिनेश शर्मा जी के कर-कमलों से कोंकण रेलवे को द्वितीय स्थान का **'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार'** प्रदान किया गया। यह पुरस्कार कोंकण रेलवे के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री सन्तोष कुमार झा जी द्वारा ग्रहण किया गया। कोंकण रेलवे को दसवीं बार यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नवी मुंबई द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर 'ख' क्षेत्र की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की श्रेणी के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिनांक 14 सितंबर, 2025 को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित 'हिंदी दिवस एवं पांचवे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन' में मा. केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी तथा राज्य सभा सांसद श्री दिनेश शर्मा जी के कर-कमलों से नराकास, नवी मुंबई के अध्यक्ष, श्री सन्तोष कुमार झा जी तथा सदस्य-सचिव, नराकास, नवी मुंबई, श्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ला जी को **'नराकास राजभाषा सम्मान पुरस्कार'**- प्रथम स्थान की राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कोंकण रेलवे विगत आठ वर्षों से नराकास, नवी मुंबई का कार्य-संचालन कर रही है। नराकास, नवी मुंबई को सातवीं बार यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

दिनांक 14 सितंबर, 2025 को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस समारोह में मा. केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी तथा राज्यसभा सांसद श्री दिनेश शर्मा जी के कर-कमलों से कोंकण रेलवे के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री सन्तोष कुमार झा जी द्वारा रचित काव्य संग्रह **"स्याही का सिपाही"** का लोकार्पण किया गया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नवी मुंबई द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 15 सितंबर, 2025 को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित 'पांचवे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन' में मा. अंशुली आर्या, सचिव राजभाषा विभाग द्वारा नराकास, नवी मुंबई के सदस्य-सचिव श्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ला और उप-सचिव श्री सदानंद चितले को **'सर्वश्रेष्ठ नराकास सम्मान'**- शील्ड एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया।